उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण 05–12–2018 से प्रारम्भ

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(140)/2018 दिनांकः दिसम्बर 04 ,2018

आरक्षी नागरिक पुलिस के 23,520 एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के 18,000 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गयी सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबीःएक–1(112)2017 दिनांकित 14–01–2018 की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत सम्पन्न लिखित परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों से, कुल रिक्तियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये, योग्यता के आधार पर 1.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया जा रहा है, जिसमें सभी श्रेणियों की कटऑफ पर समान अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों के श्रेणीवार कटऑफ मार्क्स इस प्रकार हैः–

क्र0सं0	लम्बवत आरक्षण के अन्तर्गत श्रेणी	कटऑफ मार्क्स
1	अनारक्षित	225.03288
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	216.74240
3	अनुसूचित जाति	187.99655
4	अनुसूचित जनजाति	153.31172

क्र0सं0	क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत श्रेणी	कटऑफ मार्क्स
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	60.00000
2	भूतपूर्व सैनिक	67.43382
3	महिला (केवल आरक्षी ना0पु0 के लिए)	199.50000
4	होमगार्ड्स	60.00000

3– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

4– यह सूचना सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलबध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

अपर सचिव, भर्ती

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

लखनऊ।